इन्दिरा प्रतिष्ठान से एयरपोर्ट तक अफसरों की तैनाती, तैयारियों पर मैराथन बैठकें

लखनऊ का गौरव बढ़ाएगी भव्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

दो दिन शेष

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन में कोई कमी न रह जाए इसके लिए पूरे प्रशासन के अफसरों को अलग अलग तैनाती दी गई है। एयरपोर्ट से लेकर लामार्टीनियर ग्राउंड और इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान तक एडीएम से लेकर तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी तैनात किए गए हैं। कुल 30 से अधिक मजिस्ट्रेट पूरे आयोजन के दौरान तैनात रहेंगे।

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के भीतर और बाहर भी दो एडीएम, पांच डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी तैनात किए गए हैं। साथ ही कार्यक्रम मे शामिल होने आ रहे 50 से अधिक उद्योगपति और विशिष्ट अतिथियों के ठहरने से कार्यक्रम स्थल पहुंचने की व्यवस्था भी जिला प्रशासन के अधिकारी देख रहे हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि इस आयोजन के लिए शहर में तैनात रह चुके पीसीएस अधिकारियों को भी बुलाया जा सकता है।

एडीएम स्तर के अधिकारियों को तैनाती दी गई: प्रधानमंत्री के लिए एयरपोर्ट, लामार्टीनियर ग्राउंड स्थित हैलीपैड पर भी एडीएम स्तर के अधिकारियों को तैनाती दी गई है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान कहीं कोई कमी न रह जाए, इसके लिए डीएम अभिषेक प्रकाश रोजाना पुलिस, प्रशासन, नगर निगम, एलडीए, पीडब्ल्यूडी समेत अन्य विभागों के साथ बैठक और निरीक्षण कर रहे हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सेरेमनी को लेकर तैयारियां अपने अंतिम दौर में चल रहीं हैं। सजावट से लेकर मंच का काम पूरा किया जा रहा है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर तैयारी की जा रही है।

30
मजिस्ट्रेट आयोजन में तैनात रहेंगे

05
डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी तैनात

50
हजार एमटी का साइलो लखनऊ को मिलेगा

आठ महानगरों को 30-30 हजार

प्रदेश सरकार सभी जिलों में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी कराने के लिए प्रदेश सरकार रकम देगी। कानपुर, वाराणसी, आगरा, प्रयागराज, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ व गोरखपुर में अधिकतम तीस हजार रुपये खर्च किए जा सकते हैं जबकि बाकी जिलों के लिए 20 हजार रुपये तय की गई है।
औद्योगिक विकास विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को मंगलवार को एक पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि सेरमनी के सीधे प्रसारण से सुबह 10:30 बजे जुड़ना होगा।

अनाज भंडारण के लिए साइलो-गोदाम

लखनऊ। सेरेमनी में राज्य में अनाजों के भंडारण के लिए 6.85 लाख मीट्रिक टन क्षमता के साइलो और गोदाम मिलेंगे। इसमें से 1.70 लाख एमटी की क्षमता के दो साइलो और तीन गोदाम का लोकार्पण होगा। वहीं 5.15 लाख एमटी क्षमता के 18 साइलो और गोदामों के निर्माण का शिलान्यास होगा। कुल मिलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में साइलो और गोदाम निर्माण के क्षेत्र में राज्य में 544 करोड़ रुपये का सीधा निवेश आ रहा है। इसमें से 124 करोड़ की लागत से दो साइलो और तीन पीईजी गोदाम बना दिए गए हैं। वहीं लखनऊ में 50 हजार एमटी क्षमता के साइलो का शिलान्यास होगा।